कार्यालय - जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर (आरा)

पत्रांक - 5606 दिनांक - 24.9.15

सेवा में,

अध्यक्ष / व्यवस्थापक / सचिव

एम० डी० कारमेल स्कूल दुलौर परदपरवा, जगदीशपुर

विषयः- बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009 की धारा 18 के प्रयोजनार्थ बच्चों की मुक्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली के नियम 11 के उपनियम 5 के अन्तर्गत विद्यालय की प्रस्वीकृति के नवीकरण का प्रमाण पत्र ।

महाशय / महाशया,

आपके आवेदन-पत्र दिनांक ........................ और उसके क्रम में आपसे किये गये पत्राचार एवं विद्यालय के किये गए निरीक्षण के आलोक में आपके विद्यालय एम० डी० कारमेल स्कूल दुलौर परदपरवा जगदीशपुर कक्षा 01 (प्रथम) से 08 (आठ) तक संचालन हेतु पाँच वर्षो 2015-16 से 2019-20 तक अवधि के लिए औपबंधिक प्रस्वीकृति का **नवीकरण** किया जाता है ।

प्रदत्त प्रस्वीकृति निम्न शर्तो के अनुपालन के अधीन होगी :-

1. प्रस्वीकृति किसी भी परिस्थिति में कक्षा 8 तक की सीमा के बाहर मान्य नहीं होगी ।

2. विद्यालय बच्चों की मुफ्त अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009 तथा बिहार राज्य मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली, 2011 का अनुपालन आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेगा

3. विद्यालय अपनी कक्षा 1 में बच्चों के नामांकन की कुल क्षमता का 25 प्रतिशत बच्चों का नामांकन अपने पड़ोस के कमजोर वर्ग एवं अलाभकारी समूह के बच्चों का करेगा तथा उन्हें मुक्त एवं अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा उसकी पूर्णता तक प्रदान करेगा, परन्तु यह कि यदि विद्यालय में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन हो रहा है, तो इस मानक का अनुपालन पूर्व प्राथमिक कक्षा के लिए भी किया जाएगा ।

4. कंडिका 3 में उद्धृत बच्चों के मामले में विद्यालय को बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अनिधियम की धारा 12 की उपधारा 2 के आलोक में निर्धारित राशि की प्रतिपूर्ति की

CHAIRMAN
M.D. Carmel School

PRINCIPAL
M.D. Carmel School

जाएगी । प्रतिपूर्ति की जानेवाली राशि की प्राप्ति के लिए विद्यालय अलग से बैंक खाता का संधारण करेगा ।

5. सोसाईटी / विद्यालय के द्वारा किसी प्रकार का कैपिटेशन फीस नहीं प्राप्त किया जाएगा तथा किसी भी बच्चा, उसके माता-पिता या अभिभावक का स्क्रीनिंग टेस्ट नहीं किया जाएगा ।

6. विद्यालय किसी बच्चे के नामांकन से उसके उम्र प्रमाण पत्र के अनुपलब्धता, नामांकन की निर्धारित अवधि के बाद तथा धर्म, जाति, जन्म-स्थान आदि कारणों या इसमें से किसी

7. विद्यालय के द्वारा निम्न कार्य सुनिश्चित किए जाएँगे:

   i. किसी भी नामांकित बच्चे को किसी भी कक्षा में रोककर नहीं रखा जाएगा और न ही किसी नामांकित बच्चा को प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक विद्यालय से निष्कासित किया जाएगा ।

   ii. किसी भी बच्चे को किसी प्रकार का शारीरिक दंड नहीं दिया जाएगा तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जाएगा ।

   iii. किसी भी बच्चे को प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के लिए किसी भी प्रकार के बोर्ड परीक्षा पास करने की आवश्यकता नहीं होगी ।

   iv. प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने वाला प्रत्येक बच्चा को नियम 22 के आलोक में प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा ।

   v. अधिनियम के प्रावधानों के आलोक में विकलांग/विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का समावेशन किया जाएगा ।

   vi. शिक्षकों का नियोजन अधिनियम की धारा 23 की उपधारा 1 में उनके लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता के अनुरूप किया जाएगा, परन्तु यह कि अधिनियम के लागू होने के समय वर्तमान में कार्यरत वैसे सभी शिक्षक, जो निर्धारित न्यूनतम योग्यता नहीं धारित करते हैं, वे 5 वर्षों के अंदर निर्धारित न्यूनतम योग्यता प्राप्त कर लेंगे ।

CHAIRMAN
M.D. Carmel School
Dulour, Jagdishpur
Bhojpur, Bihar

PRINCIPAL
M.D. Carmel School
Dulour, Jagdishpur
Bhojpur, Bihar

vii. शिक्षक अधिनयम की धारा 24 की उपधारा 1 में प्रावधानित शिक्षकों के दायित्व का निर्वहन करेंगे ।

viii. शिक्षक निजी-स्तर पर किसी भी प्रकार की शिक्षण-गतिविधि में संलग्न नहीं होंगे।

8. विद्यालय राज्य सरकार द्वारा, निर्धारित पाठ्यक्रम एवं पाठ्यचर्या का अनुसरण करेगा ।

9. विद्यालय अधिनियम की धारा 19 के प्रावधानों के आलोक में उपलब्ध सुविधाओं के आनुपातिक रूप से छात्रों का नामांकन करेगा ।

10. विद्यालय अधिनियम की धारा 19 में उद्धृत मानकों एवं मानदंडों को बरकरार रखेगा । विद्यालय के अंतिम निरीक्षण के समय उपलब्ध सुधिधाओं का विबरण निम्नवत :-

विद्यालय-परिसर का क्षेत्रफलः 02 एकड 05 डिसमिल

कुल निर्मित क्षेत्र :

खेल के मैदान का क्षेत्र : 1·5 एकड

वर्गकक्षों की कुल संख्या : 15

प्रधानाध्यापक-सह-कार्यालय-सह-भंडार कक्ष : 05

बालक तथा बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय : छात्र के लिए - 12 छात्राओं के लिए - 12

पेयजल की सुविधा : बोरिंग एवं चापाकल

मध्याह्न भोजन के लिए रसोई-घर :

बाधारहित पहुँच : उपलब्ध

शिक्षण अधिगम सामग्री/खेल-कूद उपकरण/पुस्तकालय : उपलब्ध

11. कोई भी अप्रस्वीकृत बर्गकक्ष विद्यालय परिसर में या बाहर विद्यालय के नाम से संचालित नहीं होगा ।

12. विद्यालय भवन अथवा अन्य संरचनाएँ अथवा मैदान का उपयोग केवल शिक्षा तथा कौशल विकास के लिए होगा ।

CHAIRMAN
M.D. Carmel School
Dulour, Jagdishpur
Bhojpur, Bihar

PRINCIPAL
M.D. Carmel School
Dulour, Jagdishpur
Bhojpur, Bihar

13. विद्यालय सोसाईटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 (1860 का 21) के अन्तर्गत निबंधित सोसाईटी के द्वारा अथवा किसी निर्धारित समय में लागू कानून के तहत गठित किसी पब्लिक ट्रस्ट के माध्यम से संचालित होगा ।

14. विद्यालय किसी व्यक्ति, समूह अथवा व्यक्तियों के संघ अथवा किसी अन्य व्यक्तियों के लाभ के लिए संचालित नहीं होगा ।

15. लेखा का अंकेक्षण एवं उसका प्रमाणीकरण चार्टर्ड एसकाउन्टेंट के द्वारा किया जाएगा और निर्धारित नियमों के आलोक में उपर्युक्त लेखा विवरणी तैयार की जाएगी । प्रत्येक लेखा विवरणी की एक प्रति प्रतिवर्ष जिला शिक्षा अधीक्षक को भेजी जाएगी ।

16. आपके विद्यालय को आवंटित प्रस्वीकृति कोड संख्या BHOJ0040/2012-13 ........... है । इस कार्यालय से किसी प्रकार का पत्राचार करने में इस कोड को कृपया अंकित एवं उद्धृत किया जाए ।

17. निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा समय-समय पर माँग किए गए प्रतिवेदन एवं सूचनाएँ, विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराई जाएँगी और राज्य सरकार के स्तर से प्रस्वीकृति की शर्तों के लगातार रूप से पूरा करने की सुनिश्चितता हेतु अथवा विद्यालय संचालन से संबंधित कठिनाईयों को दूर करने हेतु समय-समय पर निर्गत अनुदेशों का अनुपालन विद्यालय के द्वारा किया जाएगा ।

18. यदि सोसाईटी के निबंधन के नवीकरण की किसी प्रकार की आवश्यकता है तो उसे सुनिश्चित किया जाए ।

19. अनुलग्नक III के रूप में संलग्न अन्य शर्तें ।

विश्वासभाजन

18/9/2015 18/9/2015

कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एव सर्वशिक्षा)

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह अध्यक्ष/संयोजक प्रस्वीकृति समिति भोजपुर, आरा

CHAIRMAN
M.D. Carmel School
Dulour, Jagdishpur
Bhojpur, Bihar

PRINCIPAL
M.D. Carmel School
Dulour, Jagdishpur
Bhojpur, Bihar